This question paper contains 8+2 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5771**

Unique Paper Code : **241608** **D**

Name of the Paper : **Business Tax Procedures and Management**

Name of the Course : **B.Com. (Hons.)**

Semester : **VI**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *all* questions.

*All* questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्न कीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. (*a*) Who is liable pay Advance Tax ? Discuss the provisions of payment of Advance Tax in pursuance to an order/amended order by the Assessing Officer u/s 210(3) and 210(4)

(*b*) Discuss the salient provisions of assessment/reassessment of income escaping assessment. 2×7.5

P.T.O.

(क) अग्रिम कर का देनदार कौन होता है ? निर्धारण अधिकारी द्वारा धारा 210(3) और 210(4) के अंतर्गत दिये गए आदेश/संशोधित आदेश के पालन में अग्रिम कर की अदायगी की व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए ।

(ख) आय पलायन निर्धारण के निर्धारण/पुनर्निर्धारण की मुख्य व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) DK has furnished the following particulars of his estimated income for the financial year 2012-13 :

| | | Rs. |
|---|---|---|
| (*i*) | Income from salary | 5,80,000 |
| (*ii*) | Annual rent from house property | 3,60,000 |
| (*iii*) | Interest on public sector bank deposits | 3,000 |
| (*iv*) | Interest on approved Govt. securities | 25,000 |
| (*v*) | Net receipt from winnings from horse race | 14,000 |
| (*vi*) | Agricultural income | 90,000 |
| (*vii*) | Contribution towards PPF | 60,000 |

His employer deducted TDS of Rs. 37,080 on salary. Compute the instalments of advance tax payable by DK.

(*d*) Explain briefly the provisions of filing the Belated return and Revised return. Can a Belated return be revised ? 2×7.5

(ग) DK ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए अपनी अनुमानित आय के निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत किए हैं :

| | | रु. |
|---|---|---|
| (*i*) | वेतन से आय | 5,80,000 |
| (*ii*) | गृह संपत्ति से वार्षिक किराया | 3,60,000 |
| (*iii*) | पब्लिक सैक्टर बैंक में जमाओं पर ब्याज | 3,000 |
| (*iv*) | स्वीकृत सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज | 25,000 |
| (*v*) | घुड़ दौड़ में जीत से निवल प्राप्ति | 14,000 |
| (*vi*) | कृषि से आय | 90,000 |
| (*vii*) | PPF में योगदान | 60,000 |

उसके नियोक्ता ने वेतन से 37,080 रु. TDS काटा है । DK द्वारा देय अग्रिम कर की किश्तों का अभिकलन कीजिए ।

(घ) देरी से रिटर्न भरने और संशोधित रिटर्न भरने से संबंधित व्यवस्थाओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । क्या देरी से भरे गये रिटर्न को संशोधित किया जा सकता है ?

2. (*a*) Explain the provisions relating to TDS from payment in respect of rent.

(*b*) Who can furnish a declaration in form 15G and 15H to the payer for non-deduction of tax at source on interest on securities ? What are the respective conditions to be satisfied by the payee in this regard ? 2×7.5

(क) किराए की अदायगी से TDS काटने से संबंधित व्यवस्थाओं की व्याख्या कीजिए ।

(ख) प्रतिभूतियों पर ब्याज में से स्रोत पर कर न काटने के लिए दाता को फॉर्म 15G और 15H में घोषणा कौन कर सकता है । इस संबंध में आदाता को कौनसी संबंधित शर्तों को पूरा करना होता है ?

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) Discuss the liability of TDS in the following cases for the financial year 2012-13

(*i*) Mohan won Rs. 10,00,000 from game show on television. What will he receive after the TDS.

(*ii*) NK is working with X Ltd and is entitled to a salary of Rs. 50,000 pm w.e.f. 1.4-2012. He is claiming his only house property as self-occupied for which he has availed a housing loan. In the previous year, he had paid Rs. 30,000 as interest on the housing loan. Compute the TDS for each month.

(*iii*) A private sector company enters into a contract with Kagna (A sole proprietor concern) for providing catering services for Rs. 75,000 per month towards supply of food, water, snacks and tea during the office hours to the employees. Discuss the liability of TDS by the company in the given case.

(*d*) What is self assessment u/s 140 A ? Explain briefly. 2×7.5

(ग) वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए निम्नलिखित केसों में TDS के दायित्व की विवेचना कीजिये :

(*i*) मोहन ने टेलीविजन के गेम शो से 10,00,000 रु. जीते । TDS काटने के बाद उसे क्या मिलेगा ?

(*ii*) NK, X लिमिटेड में काम कर रहा है और उसे 1-4-2012 से 50,000 रु. प्रतिमाह वेतन लेने का हक है । वह अपनी एकमात्र गृहसंपत्ति को स्वत: घेरी हुई संपत्ति मानता है जिसके लिए उसने हाउसिंग ऋण ले रखा है । पिछले वर्ष उसने हाउसिंग ऋण पर 30,000 रु. ब्याज दिया था । प्रत्येक माह का TDS अभिकलित कीजिए ।

(*iii*) एक प्राइवेट क्षेत्रक कंपनी कग्ना (एक स्वामित्ववाली कंपनी) के साथ संविदा कर लेती है और वह कैटरिंग सेवाएँ 75,000 रु. प्रति माह में प्रदान कर रही है और खाना, पानी, स्नैक्सन और कार्यकारी घंटों में कर्मचारियों को चाय सप्लाई कर रही है । इस केस में कंपनी द्वारा TDS के दायिंत्व की विवेचना कीजिये।

(घ) धारा 140 A के अंतर्गत स्वत: निर्धारण क्या होता है ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

3. (*a*) What is summary assessment without calling the assesse u/s 143(1) of the Income Tax Act ? Briefly explain the provisions.

(*b*) Briefly discuss the procedures regarding filing of appeal to Appellate Tribunal. 2×7.5

(क) निर्धारिती को आयकर अधिनियम की धारा 143(1) के अंतर्गत बुलाए बगैर संक्षिप्त कर निर्धारण क्या होता है ? संबंधित व्यवस्थाओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

(ख) अपीली अधिकरण के पास अपील दायर करने से संबंधित प्रक्रिया की संक्षेप में व्याख्या कीजिये ।

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) What is a settlement commission ? Explain the procedure of making an application for settlement of the case.

(*d*) Who can authorize search u/s 132 ? Under what circumstances and conditions, the order can be passed by such authority ? 2×7.5

(ग) निपटान आयोग क्या होता है ? इस केस में निपटारे के लिए अर्जी देने की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिये ।

(घ) धारा 132 के अंतर्गत खोज को कौन अधिकृत कर सकता है ? किन परिस्थितियों और दशाओं में ऐसे अधिकारी द्वारा आदेश पास किया जा सकता है ?

4. (*a*) Briefly discuss the assets that are exempt from Wealth Tax Act u/s 5.

(*b*) Compute the net wealth of an Indian citizen, resident and ordinarily resident in India from the supplied information : 2×7.5

| | |
|---|---|
| — A residential house in London | Rs. 50,00,000 |
| — A residential house in Lucknow | Rs. 25,00,000 |
| — Loan taken to purchase the Lucknow house | Rs. 15,00,000 |
| — Personal Jewellery | |
| (*i*) In London | Rs. 10,00,000 |
| (*ii*) In India | Rs. 7,50,000 |
| — Deposits in bank in India (interest is not exempt) | Rs. 8,00,000 |
| — Cash in hand in India | Rs. 6,00,000 |

(क) उन परिसंपत्तियों की संक्षेप में विवेचना कीजिए जो धनकर अधिनियम की धारा 5 के अंतर्गत छूट प्राप्त हैं ।

(ख) भारत में एक भारतीय नागरिक, भारत में आवासी और साधारणत: आवासी के निवल धन का अभिकलन उपलब्ध कराई गई सूचनाओं से कीजिए :

| | रु. |
|---|---|
| — लंदन में एक रिहायसी घर | 50,00,000 |

| | | |
|---|---|---|
| — | लखनऊ में एक रिहायसी घर | 25,00,000 |
| — | लखनऊ के घर के खरीदने के लिए ऋण लिया गया | 15,00,000 |
| — | व्यक्तिगत आभूषण : | |
| | (*i*) लंदन में | 10,00,000 |
| | (*ii*) भारत में | 7,50,000 |
| — | भारत की बैंक में जमा (ब्याज पर छूट नहीं है) | 8,00,000 |
| — | भारत में रोकड़ हाथ में | 6,00,000 |

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) Briefly discuss the wealth tax provisions regarding exemption of money or assets brought to India from a foreign country by an Indian citizen who had been ordinarily residing abroad but now intends to permanently reside in India.

(*d*) X furnishes the following particulars of his assets and liabilities for wealth tax purposes :

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | Farm house at a distance of 20 km from Delhi | 20,00,000 |
| (*ii*) | Industrial land acquired on 16-8-2009 not in use | 45,00,000 |

| | | |
|---|---|---|
| *(iii)* | Shares of an Indian company | 2,00,000 |
| *(iv)* | Cash in hand | 1,00,000 |
| *(v)* | Loan from SBI for acquiring Industrial land | 10,00,000 |

Find out his wealth tax liability for the assessment year 2013-14 2×7.5

(ग) संक्षेप में भारत में लाये गए धन अथवा परिसंपत्तियों को धनकर व्यवस्थाओं से छूट की विवेचना कीजिए जो कि एक ऐसे भारतीय नागरिक द्वारा विदेश से लाया गया है जो कि साधारणत: विदेश में रहता है परंतु अब स्थायी रूप से भारत में रहना चाहता है ।

(घ) X अपनी परिसंपत्तियों और देयताओं के निम्नलिखित विवरण धन कर के उद्देश्य से उपलब्ध कराता है :

| | | रु. |
|---|---|---|
| *(i)* | दिल्ली से 20 किमी की दूरी पर एक फार्म हाउस | 20,00,000 |
| *(ii)* | औद्योगिक भूमि जो 16-8-2009 को ली गई थी पर काम में नहीं ली गई | 45,00,000 |
| *(iii)* | भारतीय कंपनी के शेयर | 2,00,000 |
| *(iv)* | रोकड़ हाथ में | 1,00,000 |
| *(v)* | SBI से ऋण, औद्योगिक भूमि को लेने के लिए | 10,00,000 |

निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए उसकी धन कर देयता को ज्ञात कीजिए ।

5. Write short notes on any *three* of the following :

(*a*) Valuation of Jewellery under Wealth Tax Act

(*b*) Scrutiny assessment u/s 143(3)

(*c*) Best judgement assessment u/s 144

(*d*) Payment of advance tax as per order of Assessing Officer

(*e*) Distinguish between PAN and TAN. 3×5

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(क) धन कर अधिनियम के अंतर्गत आभूषणों का मूल्यांकन

(ख) संवीक्षा निर्धारण धारा 143(3) के अंतर्गत

(ग) सर्वोत्तम निर्णय निर्धारण, धारा 144 के अंतर्गत

(घ) निर्धारण अधिकारी के आदेश के अनुसार अग्रिम कर का भुगतान

(ङ) PAN और TAN में अंतर बताइए ।